प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
राजकीय/अनुदानित/पी0पी0पी0/
निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः—प्राशिप/अनु06/2025/305 लखनऊःदिनांक— 25/4/2025

विषयः—सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून—2025 हेतु दो या दो बार से अधिक परीक्षा शुल्क भुगतान की वापसी के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सूच्य है कि परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून—2025 हेतु परिषद से सम्बद्ध संस्थानों के छात्र/छात्राओं द्वारा 05 अप्रैल 2025 से 20 अप्रैल 2025 तक एच0डी0एफ0सी0 बैंक के पेमेण्ट गेटवे के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा किया गया। कतिपय संस्थाओं द्वारा अवगत कराया गया कि उनके संस्था में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं द्वारा दो या दो से अधिक बार परीक्षाशुल्क का भुगतान कर दिया गया है।

उक्त के दृष्टिगत अवगत कराना है कि ऐसे छात्र जिनके द्वारा दो या दो से अधिक बार परीक्षाशुल्क का भुगतान किया गया है उनके एक परीक्षाशुल्क के भुगतान को रोकते हुए अवशेष धनराशि को उसी एकाउण्ट में रिफण्ड करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

उक्त कार्यवाही 10 मई 2025 तक पूर्ण कर ली जाएगी। इस संबंध में अपने संस्थान में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को अपने स्तर से सूचित करना सुनिश्चित करें। यह भी अवगत कराना है कि परीक्षा शुल्क के रूप में अधिक भुगतान की गयी धनराशि उसी बैंक एकाउण्ट में वापस की जायेगी, जिस एकाउण्ट से परिषद को प्राप्त हुई है। इस संबंध में अनावश्यक पत्राचार अथवा ई0मेल0 न किया जाये।

संलग्नकः—उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0— प्राशिप/अनु06/2025/306-7 तद्दिनांक— 25/4/2025

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

E:\hdfc exam fee refund.docx